**| खुशखबरी |** रिलायंस समूह ने मांगी 120 एकड़ जमीन, होगा 1000 करोड़ रुपये का निवेश, श्री सीमेंट्स के साथ डीपीएस को भी जमीन की दरकार

# गीडा में होगा 2200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** साल के अंत तक गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में आधा दर्जन दिग्गज कंपनियां 2200 करोड़ से अधिक का निवेश करने को तैयार हैं। रिलायंस समूह ने गीडा से 120 एकड़ जमीन मांगी है। समूह ने 1000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इसी के साथ अदाणी और कोका कोला ने भी उद्योग लगाने के लिए जमीन ली है। पिछले चार महीने में गीडा ने 54 नई यूनिट्स के लिए 182 एकड़ जमीन का आवंटन किया है।

- **अदाणी समूह और कोका कोला के प्रमुख बाटलर ने भी उद्योग के लिए ली जमीन**
- **वित्तीय वर्ष में 54 नई यूनिट्स को गीडा ने किया 182 एकड़ भूमि का रिकॉर्ड आवंटन**



गीडा में अदाणी समूह ने अंबुजा ब्रांड सीमेंट फैक्ट्री की नई यूनिट और कोका कोला के प्रमुख बॉटलर अमृत बॉटलर्स ने भी यूनिट लगाने को जमीन ली है। यही नहीं, रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और श्री सीमेंट्स ने भी निवेश की उत्सुकता दिखाते हुए गीडा से औद्योगिक जमीन मांगी है। श्री सीमेंट्स की टीम पहले ही जमीन देखने के लिए दौरा कर चुकी है, जबकि रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के प्रतिनिधि मंगलवार को जमीन देखने आए थे। चालू वित्तीय वर्ष में गीडा ने अब तक 54 नई यूनिट्स के लिए रिकार्ड 182 एकड़ भूमि का आवंटन किया है। इससे 5800 करोड़ रुपये के नए पूंजी निवेश के साथ 8500 लोगों के लिए रोजगार सृजन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

बीते पांच साल में गीडा को 9445 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले और इसके जरिये 22922 रोजगार सृजन संभव हुआ। इसमें मल्टीनेशनल ब्रांड पेप्सिको, केयान डिस्टिलरी, ज्ञान डेयरी, टेक्नोप्लास्ट और केंद्रीय भंडारण निगम, कपिला कृषि उद्योग, एपीएल अपोलो ट्यूब्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं।

## परियोजनाओं को आवंटित जमीन से प्रस्तावित निवेश

| | |
|---|---|
| श्रेयश डिस्टिलरीज | 2667 करोड़ रु. |
| अंबुजा सीमेंट (अदाणी ग्रुप) | 1400 करोड़ रु. |
| अमृत बॉटलर्स (कोका कोला) | 800 करोड़ रु. |
| केयान डिस्टिलरीज | 600 करोड़ रु. |
| विजन परेन्टल (फार्मास्यूटिकल) | 100 करोड़ रु. |

## गीडा में आगामी प्रस्तावित निवेश

| | |
|---|---|
| रिलायंस सीपीएल | 1000 करोड़ रु. |
| श्री सीमेंट्स | 500 करोड़ रु. |
| लाइफकेयर्स हॉस्पिटल | 500 करोड़ रु. |
| ईएसआईसी | 150 करोड़ रु. |
| डीपीएस | 50 करोड़ रु. |

" मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर में निवेश और औद्योगिक विकास का शानदार इको सिस्टम तैयार हुआ है। गीडा द्वारा निवेशकों की मांग और पसंद के अनुरूप जमीन उपलब्ध कराई जा रही है। इसका नतीजा है कि यहां औद्योगिक निवेश लगातार बढ़ रहा है।

– **अनुज मलिक**, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गीडा